Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to stop reservation facilities provided to Schedule Tribe after their religion conversion.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): अध्यक्ष महोदय, चार घंटे हुए हैं, अभी मैं स्टैंडिंग कमेटी में लड़ कर आ रहा हूं, तो यह एक अच्छा मौका है । मैं क्षेत्र की जनता के लिए सदन में बोलूंगा । जब यह संविधान बना तो उस वक्त यह था कि आरक्षण किस तरह के लोगों को मिलेगा और अनसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को आरक्षण मिले, यह संविधान सभा का खुला मत था । उसी में दो डिसक्रिमिनेशंस हुए कि यदि अनुसूचित जाति अपना धर्म परिवर्तन कर लेगा तो उसको आरक्षण नहीं मिलेगा, लेकिन अनुसूचित जनजाति के लिए यह कहा गया कि चूंकि, उनका रहन-सहन, कल्चर, आचार-व्यवहार अलग है, इस कारण से अनुसूचित जाति को एक रिप्राइव दे दिया गया, एक रीज़न दे दिया गया ।

झारखंड की यह स्थिति है कि 47 में 26-27 प्रतिशत आदिवासी हैं । उस वक्त 26 प्रतिशत में से मात्र तीन प्रतिशत लोग ईसाई थे, धर्मांतरण केवल तीन प्रतिशत हुआ था । वर्ष 1937 में धर्मांतरण करने का कानून बना था, जो यह कहता था कि यदि धर्मांतरण होगा, यदि कोई अपना धर्म परिवर्तन करना चाहता है, तो उसमें कोई ऑब्जैक्शन नहीं है, लेकिन डीएम को उसकी जानकारी होनी चाहिए और धर्मांतरण होना चाहिए । आज ऐसी स्थिति है कि उस 26 प्रतिशत आदिवासी में से 20 प्रतिशत लोग, लगभग डेढ़ करोड़ लोगों ने अपना धर्मांतरण कर लिया है और धर्मांतरण से उनका पूरा कल्चर बदल गया है । धर्मांतरण करने वाले लोग उनको शैक्षणिक तौर पर, सामाजिक तौर पर और विशेष आर्थिक तौर पर प्रभावित करके, धर्मांतरण करा रहे हैं । इसीलिए मेरा आग्रह है कि जब संविधान सभा में डिबेट हुई और उस वक्त हमारे फोरफादर्स ने कहा कि यदि इस तरह की स्थिति होगी तो अनुसूचित जनजाति को भी अनुसूचित जाति की तरह धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण नहीं मिलेगा । आपके माध्यम से मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि अनुसूचित जाति की तरह अनुसूचित जनजाति को भी

धर्मांतरण के बाद आरक्षण का अधिकार नहीं मिलना चाहिए, जिसके कारण हम धर्मांतरण पर रोक लगाएं ।

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही बृहस्पतिवार, दिनांक 21 नवंबर, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

19.17 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Thursday, November 21, 2019/Kartika 30 1941 (Saka)

___

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

* Not recorded.

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* English translation of the speech originally delivered in Marathi

* Not recorded.